अमर उजाला (Amar Ujala)

दिनाँक (Dated): 15-01-2025	पृष्ठ सं0 (Page No). 15	क्रम सं0(Serial No.) 6

सीआईएसएफ की दो नई बटालियन को मंजूरी, अब जवान होंगे दो लाख

गृह मंत्रालय का फैसला : 2,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने हवाई अड्डों और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के लिए 2,000 से अधिक कर्मियों वाली दो नई बटालियनों को मंजूरी दी है। इन दो बटालियन के बाद सीआईएसएफ के कुल जवानों की संख्या लगभग 2 लाख हो जाएगी।

गृह मंत्रालय से मिली विस्तार की मंजूरी के बाद प्रत्येक नई स्वीकृत बटालियन में 1,025 कर्मी होंगे, जिससे सीआईएसएफ बटालियनों की कुल संख्या 13 से 15 हो जाएगी और 2,050 नए पद सृजित होंगे। दोनों बटालियनों का नेतृत्व वरिष्ठ कमांडेंट रैंक के अधिकारी करेंगे। ये इकाइयां सीआईएसएफ पर बढ़ती मांगों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, खासकर आंतरिक सुरक्षा और उच्च सुरक्षा वाली जेलों के प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में योगदान देंगी। सीआईएसएफ प्रवक्ता ने कहा, सरकार के इस कदम से हाल ही में स्वीकृत महिला बटालियन के साथ, राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ 2,000 से अधिक नए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। एजेंसी

इन प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का है जिम्मा

1969 में गठित सीआईएसएफ देश के 68 नागरिक हवाई अड्डों की सुरक्षा के अलावा, परमाणु और एयरोस्पेस क्षेत्र में कई सुविधाओं और ताजमहल और लाल किले जैसे ऐतिहासिक स्मारकों को आतंकवाद विरोधी सुरक्षा कवर प्रदान करता है। यह निजी क्षेत्र की सुविधाओं जैसे बंगलूरू और पुणे में इंफोसिस के कार्यालयों, जामनगर (गुजरात) में रिलायंस रिफाइनरी आदि की भी सुरक्षा करता है।